## खबर संक्षेप



### प्रभारी मलेरिया इंस्पेक्टर की मनमानी से बढ़ी परेशानी

**बड़वारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व में पदस्थ रहे मलेरिया इंस्पेक्टर का निधन हो जाने के पश्चात उनकी जगह झिंझरी उप स्वस्थ्य केंद्र में पदस्थ एमपीडब्ल्यू राजेन्द्र पटेल को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया इंस्पेक्टर का कार्यभार सौंपा गया है किन्तु राजेन्द्र पटेल जब से मलेरिया इंस्पेक्टर का चार्ज सम्भाले हैं तभी से अपने मनमाने रवैये के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। स्लाइड बनाकर स्वास्थ्य केन्द्र जमा करने आने वाली आशा कार्यकर्ताओं से नाम न छापने की शर्त पर बताया की हम स्लाइड जमा करने स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा आती हैं तो स्लाइड ही जमा नही हो पाती जिसके चलते हमे परेशानी का सामना पड़ता हैं।

### एसडीएम को समस्याओं से कराया अवगत

**उमरियापान।** जनप्रतिनिधियों ने ढीमरखेड़ा की नवागत एसडीएम निधि गोहल से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर एसडीएम ने समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को भाजपा जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, मंडल महामंत्री अंकित झारिया, धर्मेंद्र गौतम, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सोनी, ब्रजेश सोनी ने उमरियापान क्षेत्र में बंद पड़ी नर्मदा नहर में पानी छोड़ने सहित क्षेत्रीय अन्य समस्याओं को अवगत कराकर निराकरण की मांग किया। एसडीएम ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से बातकर समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया।

### जीआरपी ने पकड़े दो चोर, चोरी के जेवरात व मोबाइल किया बरामद

**कटनी।** जीआरपी ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनो सगे भाई है। आरोपियों के कब्जे से सोना-चांदी के जेवरात, 3 मोबाइल सहित करीब 80 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया है। थाना प्रभारी पीएल कश्यप ने बताया कि करीब छह माह पूर्व आरोपी सुमित उर्फ गुड्डु निषाद ने चलती ट्रेन में एक यात्री से पर्स और मोबाइल लूट लिया था। मामले की एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था। हाल ही में मुखबिर से सूचना मिलने पर कटनी जंक्शन से लगे खिरहनी क्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी कर सुमित को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात और मोबाइल भी जब्त किए गए। इसी केस से जुड़े एक अन्य आरोपी शिवा निषाद को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी सगे भाई हैं और लूट व चोरी के करीब 20 मामलों में पहले से वांछित हैं। ये दोनों जब ट्रेन प्लेटफॉर्म पर रुकती थी, उस दौरान - यात्रियों से छीना-झपटी कर पर्स और मोबाइल लेकर फरार हो जाते थे। फिलहाल जीआरपी ने दोनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए उन्हें जिला न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज -दिया गया है।

### उबरा में निकाली गई जल जागरूकता रैली

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हैंडपंप जल संरक्षण योजना के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम, जागरूकता रैली और ग्रामीण संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जागरूकता रैली द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश देते हुए हैंडपंपों से पानी के अपव्यय को रोकने की प्रेरणा दी गई। साथ ही आदर्श ग्राम की दिशा में सामूहिक प्रयास के द्वारा गांव के हर व्यक्ति को जल बचाव का महत्व समझाया गया। यह कार्यक्रम सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि एक आंदोलन है!जल है तो कल है।

---

### रिहायशी क्षेत्रों में नियम विरूद्ध दुकानों का किया जा रहा संचालन

# कबाड़ दुकानों एवं गोदामों को शिफ्ट करने का मामला अब ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रिहायशी क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की गोदामों का संचालन नियम विरुद्ध है। खासकर रद्दी और कबाड़ के कारोबार की दुकानें तो वैसे भी खतरनाक होती है। एक चिंगारी या बिजली के तारो में शार्ट सर्किट से इनमें कभी भी आग भड़क सकती है जिससे होने वाली तबाही भारी पड़ सकती है। कबाड़ या गोदाम सिर्फ आगजनी जैसी घटनाओं के लिहाज से ही खतरनाक नही है बल्कि स्वास्थ्य के नजरिये से भी ठीक नही है। वजह साफ है इन जगहों से हमेशा ही संक्रामक रोगो का अंदेशा बना रहता है।

गौरतलब है कि पास पड़ोस में ही कबाड़ या रददी की गोदाम अथवा ठेला टपरा होने पर इसे कोई गंभीरता से नही लेता लेकिन वहां किसी भी वक्त आगजनी का खतरा मंडराता रहता है। एक तो गोदाम या कबाड़ के आसपास धुम्रपान की कोई पाबंदी नही होती दूसरा कंडम सामान होने की वजह से कारोबारी के अलावा दीगर किसी अन्य का उस ओर सुरक्षा को लेकर किसी को फिक्र होती। शहर के चाका से झिंझरी के बीच सड़क के दोनो किनारे दर्जनों जगहो पर कबाड़ की दुकाने या गोदामें नजर आ जायेगी। खासकर बरगवां क्षेत्र इसकी पहचान का पर्याय बन गया है। मिशन चौक कारोबारी के अलावा दीगर किसी अन्य का उस ओर सुरक्षा को लेकर किसी को फिक्र होती। शहर के चाका से झिंझरी के बीच रोड, बस स्टैंड क्षेत्रो के अलावा उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर, खिरहनी, लखेरा, कुठला के रिहायशी इलाकों में अनेक स्थानों पर बेधड़क, बेहिचक, बेरोकटोक खतरे के गोदाम संचालित है। इसके लिये न तो निगम प्रशासन से अनुमति ली गई न ही कोई पूछपरख। इन गोदामो से केवल कारोबारी को फायदा होता है जबकि पड़ोसियों को अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विवाद के भय से कोई कुछ कह नही पाता।

रहवासी क्षेत्रों में संचालित गोदामो से आग का खतरा बढ़ जाता है। पहले भी अनेक ऐसी घटनायें हो चुकी है। समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन का इस मामले में अनेक बार ध्यानाकर्षित किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नही की जा र ही। शहर की तंग गलियों में बाजारों में कबाड़ की गोदामें हादसो का न्यौता दे रही है। झर्रा टिकुरिया क्षेत्र में तो कदम कदम पर इस तरह की गोदामें संचालित है। इस बेपरवाही के चलते आपात की स्थिति में निर्दोष लोगो को खामियाजा भुगतना पड़ता है।

---

# तालाब निर्माण के लिए 1.02 करोड़ रूपये की स्वीकृति

### 3 जनपद पंचायतों में 4 निर्माण कार्यों की दी गई मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने 15वें वित्त आयोग मद से 3 जनपद पंचायत में 4 निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 2 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इन सभी कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायतों को बनाया गया है।

जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत के ग्राम लसगिरहा हार बण्डा में अमृत सरोवर तालाब के निर्माण हेतु 24 लाख 98 हजार रूपये की जबकि ग्राम गुबराधरी में 24.50 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम भगनवारा में तालाब निर्माण हेतु 29.16 लाख रूपये की जबकि जनपद पंचायत रीठी के ग्राम तिघराकलां में 24 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

कलेक्टर श्री यादव ने जारी आदेश में कहा कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाय। यदि स्वीकृत राशि से अधिक राशि व्यय की जाती है तो इसका समस्त दायित्व क्रियान्वयन एजेंसी का होगा। साथ ही कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत है इसलिए ठेका पद्धति से कार्य किया जाना प्रतिबंधित है।

#### व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य का संपादन स्वीकृत प्राक्कलन, रूपांकन, समाहित मानक के अनुसार किया जाए। निर्माण कार्य में उचित गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए। साथ ही कार्यस्थल पर क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा मजदूरों को पीने का पानी, फस्टएड किट, छाया की व्यवस्था, छरू वर्ष से कम आयु के पांच से अधिक बच्चों पर झूला घर, छरू वर्ष कम उम्र के पांच से अधिक बच्चे हो तो पृथक से एक महिला को बच्चों को देख-रेख हेतु रखा जाए।

---



## आज की पीढ़ी के लिए देवी अहिल्या बाई का जीवन है प्रेरणा का स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में महारानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई में अपने राजकोष का प्रयोग दूसरों के कल्याणार्थ करके भारतीय राजनीति में एक अलग मिसाल कायम की। वे न केवल एक कुशल शासक थी, बल्कि एक संवेदनशील,न्यायप्रिय और दूरदर्शी महिला थी।उनका जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

जनभागीदारी अध्यक्ष राजेश ब्यौहार ने कहा कि जीवन में विषम परिस्थितियां आने के बाद भी अहिल्या बाई ने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने समाज की रूढ़िवादी प्रवत्तियों का विरोध करते हुए समाज को नई दिशा और दशा प्रदान की। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ और छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।



## रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस ने किया जब्त

**ढीमरखेड़ा।** मंगलवार को सिलौंडी पुलिस चौकी प्रभारी विष्णुशंकर जायसवाल और नायब तहसीलदार दिनेश असाटी ने दशरमन के दतला नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा है। सिलौंड़ी चौकी प्रभारी ने बताया कि सूरज तोमर नामक व्यक्ति दतला नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहा थासूचना पर मौके पर पहुँचकर पूछताछ की और कागजात मांगे, लेकिन वह कुछ भी नहीं बता सका। जिसके बाद उन्होंने रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर सिलौंड़ी पुलिस चौकी परिसर में खड़ा कराया है। गौरतलब है कि ढीमरखेड़ा, उमरियापान,सिलौंड़ी और खमतरा क्षेत्र की जीवनदायिनी नदियों से इन दिनों रेत का अवैध खनन कर माफियाओं द्वारा परिवहन किया जा रहा है। बेखौफ़ होकर ये माफिया दिनदहाड़े रेत चोरी करने में जुटे हैं।

### मरही माता मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा



आजाद चौक स्थित मरही माता मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पंडित राम हर्ष महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म अवतार का प्रसंग सुनाया गया। कथाव्यास ने बताया कि त्रेतायुग में भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया, वहीं द्वापरयुग में श्रीकृष्ण के रूप में प्रकट होकर उन्होंने अधर्म का नाश किया और धर्म की स्थापना की। श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा की कारागार में माता देवकी और वासुदेव के पुत्र के रूप में हुआ। कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान का यह अवतार हुआ, जिसका वर्णन सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। पंडितजी ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, कंस वध, और उनके द्वारा दिए गए जीवन के उपदेशों का भी उल्लेख किया।

---

# मौसमी बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए कीटनाशक दवाओं का करें छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू रखने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर के मुख्य मार्गो एवं अन्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के साथ ही सफाई कार्य के दौरान निकलने वाले अपशिष्ट का उठाव कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही वर्तमान ग्रीष्म ऋतु में किसी भी प्रकार की मौसमी बीमारी नगर में अपने पैर न पसार सकें इस हेतु कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के साथ ही फागिंग मशीन से धुआं छोडा जाकर मच्छरों पर नियंत्रण पाने के प्रयास जारी है।

#### ताकि न हो जल भराव

नगर में रोजाना की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत आज निगम प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता दूतों के माध्यम से मंगलवार प्रातः नगर के चारों जोन के समस्त वार्डो के मुख्य मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों में सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। सफाई कार्य के दौरान वार्डो के संभावित जल प्लावन वाले क्षेत्रों की नालियों की सफाई की जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

#### अधिकारी कर रहे निरीक्षण

सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार लाकर व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम के अधिकारियों द्वारा प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर प्राप्त कमियों को दूर करने के प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को निगम के राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक द्वारा स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह के साथ गुरूनानक वार्ड, रघुनाथ गंज वार्ड, बी.डी अग्रवाल वार्ड, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड के विभिन्न स्थलों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रघुनाथ गंज वार्ड बताशा गली में कचरे का ढेर लगा मिलने पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान राजस्व अधिकारी श्री पाठक द्वारा प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कर्तव्य में उपस्थित स्वच्छता दूतों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर उपस्थिति पंजी को नियमानुसार संधारित रखने के निर्देश दिए।

---

*अधिकारी, कर्मचारी मुस्तैदी के साथ करें दायित्वों का निर्वहन*

# सड़क पर कूड़ा कचरा फेकने वालों पर चालानी कार्यवाही करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर की सफाई व्यवस्था में किये जा रहे प्रयासों में सुधार लाते हुए सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये रखने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर मंगलवार को उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे सफाई व्यवस्था के प्रयासों की समीक्षा की जाकर व्यवस्थाओ को और अधिक दुरूस्त करने हेतु मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश स्वास्थ्य अमले को दिए।

श्री गुप्ता ने बैठक के प्रारंभ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के तहत की जा रही सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अमले को अपने कार्य क्षेत्र के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो की सार्वजनिक सड़कों की सफाई कराने सहित नाली के संभावित चोक होने वाले स्थलों का निरीक्षण कर नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहें इस हेतु नागरिकों को रोड पर कचरा न फेकने के लिए प्रेरित करें, और नहीं मानने पर सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेकने वालों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश भी उपायुक्त नें दिए। उपयुक्त श्री गुप्ता नें निर्देशित किया कि आपके क्षेत्र अंतर्गत आने वाले समस्त मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट से निकलने वाले कचरे का उचित निपटान करना सुनिश्चित करें।

#### अभियान चलाकर करें सफाई

उपायुक्त श्री गुप्ता ने वर्षा ऋतु के दौरान वार्ड के संभावित जलभराव क्षेत्रों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समय रहते विशेष अभियान चलाकर वार्ड के छोटे एवं बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य कराने के निर्देश दिए। नगर के सार्वजनिक मार्गो में आवारा पशुओं के नियंत्रण पर रोक लगानें हेतु हाका गैंग को नियमित रूप से कार्यवाही करने एवं रोड में पशुओं द्वारा किए जाने वाले गोबर इत्यादि की भी सफाई करते हुए सार्वजनिक मार्गो को साफ और स्वच्छ रखने के निर्देश दिए।

#### लापरवाही पर होगी कार्यवाही

उपायुक्त नें कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सफाई व्यवस्था में जुटे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी निर्धारित समय पर कर्तव्य पर उपस्थित होकर ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

---

### जन सुनवाई में 165 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं

# पैसा वापस दिलाने तो किसी ने आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर अधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे 165 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई समस्त उपखंड, तहसील एवं जनपद पंचायत सहित ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते,डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, विंकी उइके एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।

ग्राम जुजावल निवासी वंदना साहू पिता पति स्व. मनोज साहू ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देते हुए बताया कि मैंने खसरा नंबर 265/1 रकवा 1 हेक्टेयर में 0.48 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 1023/1 रकवा 0.24 हेक्टेयर में से 0.12 हेक्टेयर भूमि रजिस्ट्री द्वारा खरीदी थी। इस भूमि के नामांतरण हेतु केस लगाये जाने से 6 माह बीतने के बाद भी पटवारी द्वारा नामांतरण नहीं किया जा रहा है। यह भूमि अभी भी विक्रेता विनोद साहू के नाम पर ही दर्ज है। इस पर तहसीलदार बड़वारा को निश्चित समयावधि में इस शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए गए।

ग्राम झिरिया निवासी दुलरिया बाई चौधरी पति स्व. मनसुख लाल ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देते हुए बताया कि मैंने सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव में भूमि बेचकर 3 लाख रूपये जमा किए थे। अब मुझे अपनी नातिन की शादी करने के लिए पैसों की आवश्यकता है। इसलिए मेरे द्वारा जमा राशि दिलाई जाय। इस पर एलडीएम को शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए गए।

#### खाद्यान्न एवं आवास योजना का लाभ दिलायें

ग्राम जुजावल निवासी सुशील चौधरी पिता नत्थूलाल ने आवेदन देते हुए कहा कि मैं मजदूरी करके अपना एवं अपने परिवार का भरण-पोषण करता हूँ। मुझे लगभग 1 वर्ष से खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो रहा है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता होने के बावजूद मुझे आवास नहीं मिल रहा है। इस पर अधिकारियों द्वारा बहोरीबंद जनपद पंचायत के सीईओ एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रतानुसार योजनाओं के लाभ देने के निर्देश दिए गए।

#### पट्टे की द्वितीय प्रति दिलायें

वार्ड क्रमांक 1 इंदिरा नगर निवासी गन्नू बर्मन ने बताया कि मेरे घर में आग लग जाने के कारण मेरे घर का सारा सामान जल गया था। जिसमें मेरे मकान का पट्टा भी जल गया था। इसलिए मुझे पट्टे की द्वितीय प्रति प्रदान की जाय। इस पर आयुक्त नगर निगम को पट्टा दिलाये जाने हेतु निर्देश दिए गए।

---

# शिकायतों के निराकरण में कटनी प्रदेश के टॉप 5 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में नगर निगम कटनी ए ग्रेड के साथ चतुर्थ स्थान पर है। राज्य शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन के अप्रैल माह तक की प्रगति के पर्यवेक्षण और अनुश्रवण के बाद मंगलवार 20 मई को जारी रैंकिंग में कटनी नगर निगम ने 92.32 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है।

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की निरंतर की जा रही मॉनिटरिंग की वजह से कटनी नगर निगम ने अप्रैल माह में प्रथम समूह के चतुर्थ स्थान हासिल किया है। निगमायुक्त श्री दुबे ने नगर निगम की सभी शाखाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आगामी समय में भी इसी तरह सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता के साथ संतुष्टिपूर्ण तरीके से कराना सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा जारी माह अप्रैल की ग्रेडिंग में आलोच्य अवधि तक नगर निगम कटनी को कुल प्राप्त 579 शिकायतों में से 54.30 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर कुल 92.32 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। निगमायुक्त श्री दुबे ने इस उपलब्धि हेतु निगम के सभी संबंधित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार लगन तथा मेहनत से कार्य करने के लिए कहा। विदित हो इस रैंकिंग से प्रदेश स्तरीय नगरीय निकाय की रैंकिंग में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

## खबर संक्षेप

### अलग अलग हादसों में एक की मौत, दूसरा घायल

**कटनी।** अलग अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई जब कि एक घायल हो गया। हादसे बहोरीबंद व कुठला थाना क्षेत्र में हुए। दोनो ही मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम पटना रोड मुहाई के बीच कार ने एक युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में शंकर कुमार 23 निवासी कूड़ा घनिया घायल हो गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे मामले में कुठला थाना अंतर्गत मधुर महादेव मंदिर के आगे नहर की पुलिया के पास कार की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल राम प्रसाद यादव उर्फ दीपक यादव 24 निवासी पन्ना मोड़ की शिकायत पर कार के चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

### भाईयों में चल रहा था विवाद, एक ने दूसरे के घर में लगा दी आग

**कटनी।** सगे भाईयों के बीच चल रही तकरार के बीच एक ने दूसरे के घर में आग लगा दी। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन करीब एक लाख की सामग्री खाक हो गई। मामला बहोरीबंद क्षेत्र के चौघटिया मोहल्ले का है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नंदकिशोर पिता भगवत प्रसाद दुबे 56 के घर में मनोज कुमार दुबे पिता भगवत प्रसाद दुबे ने आग लगा दी। गनीमत थी कि नया मकान बन जाने से इस घर में कोई रहता नहीं है। यही कारण है कि इस में किसी की जान नहीं गई है। लेकिन घटना में खिड़की, बोरा बारी बारा, तिरपाल, भरे नारियल के दो बोरे, बर्तन, खाली गुम्मे बगैरह कीमती करीब एक 1 लाख का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना के बाद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस मामले की विवेचना में लगी है। पुलिस ने बताया कि मनोज का विवाह भी नहीं हुआ है। उसका कोई परिवार नहीं है। पिछले दिनों से उसका उसके भाई के साथ हिस्सा बंटवारा को लेकर विवाद चल रहा था। हालांकि इस विवाद को निपटाने के लिए प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। यही कारण है कि उसने अपने भाई के घर में आग लगा दी।

### महिला से मारपीट

**कटनी।** स्लीमनाबाद और कैमोर थाना क्षेत्र में दो महिलाओं के साथ मारपीट की गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम छपरा सलमा बी पति मोहम्मद इरफान निवासी ग्राम छपरा के साथ मोहम्मद इरफान, शेख मुस्तुफा, मोहम्मद रहमान तीनों निवासी ग्राम छपरा ने मारपीट की। दूसरे मामले में कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम गुड़गढ़ौहा गांव में एक महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने रामरतीबाई कोल पति बुद्धसेन कोल निवासी ग्राम गुड़गढ़ौहा की शिकायत पर नंदकिशोर कोल पिता रामचरण कोल निवासी ग्राम गुड़गढ़ौहा पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### जिला पंचायत सभाकक्ष में 215 वालेंटियर्स को दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

# एसडीआरएफ की टीम ने जीवंत प्रदर्शन कर आपदा में लोगों को बचाने बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आपात आपदा की स्थिति में कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी हैं, सायरन बजने पर क्या करना है, मौके पर उपलब्ध संसाधनों से घायलों की कैसे मदद करनी है, रासायनिक व जैविक हमलों से कैसे बचना है। आपात स्थिति निर्मित होने पर अपनाई जाने वाली सावधानियां एवं जरूरतमंदों तक मदद पहुँचाने से संबंधित तमाम नागरिक सुरक्षा बारीकियों की जानकारी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की पहल पर जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुए प्रशिक्षण के दौरान 215 वालेंटियर्स को दी गई। इस दौरान प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता, प्राचार्य गर्ल्सक कॉलेज चित्रा प्रभात, सहायक संचालक महिला बाल विकास वनश्री कुरवैती सहित विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षक मौजूदगी रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीआरएफ की टीम ने जीवंत प्रदर्शन कर आपदा के समय लोगों को बचाने के उपाय समझाए। साथ ही वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से नागरिक सुरक्षा व आपदा प्रबंधन के समय बरती जाने वाली सावधानियों और सतर्कता से संबंधित जानकारी दी गई। रासायनिक व जैविक हमलों से बचाव पर प्रजेंटेशन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्लाटून कमांडर एसडीईआरएफ श्रीमती श्वेता गुप्ता के द्वारा आपदा के दौरान उत्पन्न होनें वाली विभिन्न समस्याओं से निपटने के तरीकों की जानकारी बड़े ही सहज प्रकार से दी गई।

#### मदद करने के तरीके बताए

एसडीआरएफ के जवानों ने नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण के दौरान स्ट्रेचर बनाने, घायलों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने के विभिन्न तरीके एवं प्राथमिक चिकित्सा देने की विधियों का व्यवहारिक व जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया। एसडीआरएफ के जवानों ने कहा कि आम नागरिक भी इन विधियों को अपनाकर आपदा मित्र की भूमिका निभा सकते हैं। आपदा के समय सीपीआर देकर लोगों का जीवन बचाने की बारीकियां भी उन्होंने प्रभावी ढंग से समझाईं। साथ ही बताया गया कि आपदा की स्थिति में दीवारों के किनारे, टेबल इत्यादि के नीचे सहारा लें। यदि सड़क से जा रहे हों तो पुलों इत्यादि के नीचे वाहन रोककर खड़े हो जाएं।

प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर बताया गया कि ब्लैक आउट का सायरन बजते ही घरों की बत्तियाँ बंद कर दें। साथ ही दरवाजों व खिड़कियों के पर्दे डाल दें। प्रयास ऐसे हों कि जरा सी भी रोशनी घर के बाहर नहीं दिखनी चाहिए। प्रशिक्षण में बताया गया कि आपदा के समय में अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के फैलाई गई बातों को किसी अन्य को शेयर न करें। सायरन की आवाज को नजरअंदाज न करें और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर भीड़ इकट्ठा न होने दें।ब्लैकआउट और सायरन हमारे जीवन की रक्षा के लिए होते हैं। जब जिला प्रशासन इस तरह के कदम उठाती है, तो वह हमारी भलाई के लिए होता है। ऐसे में आम लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि वे शांत रहें, सतर्क रहें और दिए गए निर्देशों का पालन करें।

प्रशिक्षण के दौरान आपदा के दौरान प्रदान की जानें वाली नागरिक सुरक्षा संबंधी 12 सेवाओं क्रमशः मुख्यालय स्तर पर प्रदान की जानें वाली सेवा, वार्डन सेवा, संचार सेवा, हताहत सेवाख अग्निशमन सेवा, प्रशिक्षण सेवा, बचाव सेवा, सामग्री वितरण सेवा, सामग्री उद्धार सेवा, कल्याण सेवा, यातायात और परिवहन सेवा सहित निपटारा सेवा तथा इनके प्रभारी के संबध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# जिले के 66 शिक्षकों को मिला समयमान वेतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह के प्रयासों से जिले के 67 शिक्षकों को समयमान वेतनमान स्वीकृत हुआ है। जिसके संबंध में संयुक्त संचालक लोक शिक्षा प्राचीस जैन ने आदेश जारी कर दिया है उच्च माध्यमिक शिक्षा पद पर नियुक्त 33 को प्रथम सामयमान वेतनमान 6वें वेतनमान में रूपये 9300-34800, 4200 ग्रेड पे एवं वेतनमान आयोग में पे लेबल तक, 42700-135100 का वेतनमान शर्तों के आधीन स्वीकृत किया गया है। । प्रस्तुत प्रस्तावों में 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर विकासखण्ड रीठी से हेमराज कारपेन्टर, श्रीमति रेखा तिवारी, विकासखण्ड विजयराघवगढ़ से चन्द्रकिा प्रसाद चंदेल, नीता निगम, अजय कुमार गुप्ता,विकासखण्ड ढ़ीमरखेड़ा से मुकेश पटेल, विकासखण्ड कटनी से प्रकाश नारायण दिवेदी, अंगद प्रसाद साहू, रामनारायण दिवेदी, देवराज लोधी, हरेश सिंह, मनीषा दिक्षित, रामभूषण अग्निहोत्री, शुक्ला राय, सुनीता उइके, पुष्पलता शर्मा, नीरज दुबे, रमेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार तिवारी, श्रीमति प्रतिभा गर्ग, श्रीमति उमा वर्मा, श्रीमति दयारानी गौतम बबीता यादव, मनोज कुमार गौतम, प्रकाश मिश्रा, श्रीमति स्वाति पाण्डेय, धर्मेन्द्र सोनी, भारती मिश्रा, विपत सिंह परस्ते, जय प्रकाश चतुर्वेदी, मधुबाला गर्ग, विकासखण्ड बहोरीबंद से दिनेश कुमार ठाकुर, रमाकांत खंपरिया, को स्वीकृत किया गया है।

इसी प्रकार उच्चतर माध्यमिक शिक्षण संवर्ग के 31वें लोक सेवकों को द्वितीय समयमान वेतनमान 6वें वेतनमान में रूपये 15600-39100, 5400 ग्रेड पे एवं 7वें आयोग में पे लेवल-12, 56100-177500 स्वीकृत किया गया है। प्रस्तुत प्रस्तावों में 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर विकासखण्ड रीठी से विवेक कुमार दुबे, विकासखण्ड विजयराघवगढ़ से अरविंद सिंह पेंड्रो, चेतराम सिंह मरकाम, विकासखण्ड कटनी से राकेश खरे, हर्षलता ठाकुर, रजनी लकड़ा श्रीमति जयंती एक्का, श्रीमति विजयलक्ष्मी रैकवार, दिनेश कुमार तिवारी, बीरेन्द्र कुमार मरकाम श्रीमति अनीता तिवारी, श्रीमति संध्या बेन, डॉ. रामपद तिवारी, श्रीमति समिधा त्रपिाठी, रामसिंह बागरी, डॉ. परबीन बाऩो खान मधुमंती डुंगडुंग, देवकी बावरिया धीरेन्द्र, अजय शंकर पाण्डेय, श्रीमति अन्नपूर्णा भारती को स्वीकृत किया गया है।

**वीसी में मुख्यमंत्री कर चुके हैं शिकायतों के निराकरण की सराहना**

# हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी चार अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिला प्रदेश के प्रथम समूह के 28 जिलों में ए ग्रेड के साथ चौथे स्थान पर है। राज्य शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन के अप्रैल माह तक की प्रगति के पर्यवेक्षण और अनुश्रवण के बाद जारी रैंकिंग में कटनी जिले ने 83.51 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी बीते दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों की समीक्षा के दौरान पिछले छरू माह से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लगातार अग्रणी रहने पर कटनी कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की सराहना



कर चुके हैं।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की निरंतर की जा रही समीक्षा की वजह से कटनी जिले ने अप्रैल माह में प्रथम समूह के 28 जिलों में चौथा स्थान हासिल किया है। कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

लोकसेवा के जिला प्रबंधक श्री दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी अप्रैल माह की ग्रेडिंग में आलोच्य अवधि तक कटनी जिले को कुल मिली 8 हजार 119 शिकायतों मे से 49.75 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

#### पुलिस, ननि व जिला पंचायत ने हासिल किया ए ग्रेड

सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं एवं शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में पुलिस विभाग ने अप्रैल माह में प्राप्त 769 शिकायतों में से 54.07 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया और 89.55 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इसी प्रकार नगर निगम ने आलोच्य अवधि में 579 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में से 54.3 वेटेज के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर कुल 92.32 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इसके अलावा जिला पंचायत ने अप्रैल माह में 1152 शिकायतों में से 52.66 वेटेज के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। साथ ही जिला पंचायत ने 84.54 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है।

### बड़ागांव में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



ग्राम पंचायत बड़ागांव एवं उप स्वास्थ्य केंन्द्र बड़ागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के ने ग्रामीणजन से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली एवं पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवेदी को निर्देशित किया क िजिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उन लोगों के कार्ड बनवाने में सहयोग करें। साथ ही उन्होंने नि :शुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते है।

# ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा में विविध धार्मिक आयोजन 23 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

प्रख्यात भजन गायिका संजो बघेल के द्वारा देवी जागरण एवम भजनों की प्रस्तुति दिनांक 25 मई 2025 को ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा में की जाएगी। दूधिया रंग व सुहानी रात्रि में होगी भजनों की प्रस्तुति। प्रति वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा में वार्षिक महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया जाएगा। ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा के संस्थापक हरिओम दास महाराज ने जानकारी देते हुते बताया कि आश्रम में समय समय पर धार्मिक सामाजिक आयोजन किये जाते हैं।



ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा में 23 मई से आस क्रिया योग विशेष ध्यान शिविर आत्म साक्षात योग,महायोगी हरिओम दास महाराज का प्रवचन एवम आस क्रिया योग सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एवम शाम को 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। महायोगी हरिओम दास महाराज द्वारा एवम आस क्रिया योग पर व्याख्यान दिये जायेंगे। दीदी उषा रामायणी के मुखारविंद से श्रीराम कथा का वाचन 23 मई से 25 मई तक शाम 6 बजे से 07 बजे तक किया जाएगा। श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ 23 मई से 25 मई तक प्रातः काल एवम संध्या काल मे किया जाएगा। शास्त्रीय संगीत 24 मई को रात्रि 09 बजे से किया जाएगा। दीदी सिया शर्मा द्वारा श्रीमद भागवत प्रवचन 23 मई से 25 मई तक दोपहर 02 बजे 04 बजे तक किया जाएगा।

गुरु दीक्षा समारोह 25 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन निरन्तर जारी रहेगा।

**नागरिकों को प्रदान की जाएंगी मूलभूत बुनियादी सुविधाएं**

# नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में 94 लाख से कराएं जाएंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सुगम आवागमन हेतु सड़क तथा जल निकासी हेतु पर्याप्त नालियों की व्यवस्था केवल क्षेत्र की अधोसंरचना ही नहीं बल्की विकास की जीवन रेखा होतीं है। नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं एवं प्राथमिकताओं को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन और आयुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर के चहुंमुखी विकास हेतु निर्माण कार्य स्वीकृत किये जाकर गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराने के प्रयास किये जा रहे है।

#### ये विकास कार्य शामिल

निगम प्रशासन द्वारा जिन विकास कार्यो की निविदा जारी की गई है उनमें बाल गंगाधर तिलक वार्ड गली नंबर सात में 6 लाख 78 हजार 509 रुपये की लागत से सीसी नाली निर्माण तथा वेंकट वार्ड में 7 लाख 5 हजार 612 रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण का कार्य शामिल है। जय प्रकाश वार्ड में गुप्ता के मकान से कृष्णा परौहा के मकान तक, दुर्गा हॉस्पिटल गली एवं जूस सेंटर के सामने, विष्णु गर्ग से सुमित इलेक्ट्रॉनिक्स तक, खरोटे जी के मकान से डेविड सर एवं सुनील दुबे गली में 22 लाख 30 हजार 390 रुपये की लागत से सीसी रोड सहित आहूजा के मकान से हीरा के मकान तक एवं साहू डेयरी के सामने वाली गली में 10 लाख 60 हजार 74 रुपये की लागत से सीसी रोड एवं नाली के निर्माण कार्य शामिल है।

इसी तरह महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड के दो स्थलों सूरी गली एवं डॉ वैश्य के बाजू से तथा राजू पहलवान के मकान के पास लगभग 13 लाख 37 हजार 706 रुपये की लागत से सीसी. रोड निर्माण का कार्य शामिल है। वहीं मदन मोहन चैबे वार्ड में भूमि प्रकट माता मंदिर के पास 4 लाख 23 हजार 808 रुपये की लागत से आर.सी.सी नाला एवं कव्हरिंग तथा 3 लाख 1 हजार 740 रुपये की लागत से आर.सी.सी रोड का कार्य कराया जायेगा।

नगर के चहुंमुखी विकास हेतु उपनगरीय क्षेत्र स्थित राम कृष्ण परमहंस वार्ड स्थित सार्वजनिक आसमानी माता मंदिर बिलगंवां से मंदिर तक 7 लाख 5 हजार 78 रूपये की लागत से पहुंच मार्ग सहित 4 लाख 61 हजार 168 रूपये की लागत से मंदिर के आस पास फर्शीकरण तथा शेड निर्माण का कार्य शामिल है।

इसके अतिरिक्त राजू चौधरी के घर से मनमोद चौधरी के घर तक 3 लाख 51 हजार 950 रूपये की लागत से नाली निर्माण का कार्य कराया जायेगा।

उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित आचार्य कृपलानी वार्ड में 13 लाख 3 हजार 925 रूपये की लागत से मुख्य मार्ग के पर खुले नाले को ढ़कनें एवं चेंबर निर्माण तथा संतकवर राम वार्ड खैबर लाईन में इंद्रपाल सेवलानी के घर से अशोक कुमार सेवलानी एवं नारायण मोटानी से पंजूमल मटानी के घर तक 10 लाख 30 हजार 782 रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य कराया जाना शामिल है।

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा विकास कार्य

# पुनर्विकास के बाद यात्रियों को स्टेशन में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी साऊथ स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। पुनर्विकास से संबंधित कार्य पूरा होने के बाद साऊथ स्टेशन पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जित करते हुए साऊथ स्टेशन के नए भवन में आकर्षक फर्श लगाए गए हैं। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर सुगम आवागमन हेतु पैदल ऊपरी पुल (एफओबी) का प्रावधान किया जाएगा जो लिफ्ट और एस्केलेटर से युक्त होगा । सभी श्रेणी के प्रतीक्षालयों में पर्याप्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लगभग 4000 स्क्वायर मीटर में पार्किंग एरिया का निर्माण किया गया साथ ही सकुर्लेटिंग एरिया का विकास भी किया गया हैं।

स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के लिए प्रवेश और निकास द्वार ऐसे होंगे, जिससे यात्रियों को भीड़-भाड़ का सामना नहीं करना पड़े । दिव्यांग अनुकूल शौचालय के निर्माण के साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए सभी



प्रकार की सुविधाओं का प्रावधान किया गया। इससे आम यात्रियों के साथ वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। आने वाले दिनों में स्टेशन को पूरी तरह से हाईटेक लुक देते हुए यात्रियों को सभी सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। स्टेशन भवन का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को संरक्षा, बेहतर एवं सुखद यात्रा अनुभव तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है। स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है। इनमें कटनी का साऊथ स्टेशन भी शामिल है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे 1300 से अधिक स्टेशनों में जो 103 स्टेशन अभी बनकर तैयार हुए हैं, उनमें मध्य प्रदेश राज्य के छह स्टेशन – कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शाजापुर, सिवनी और ओरछा शामिल हैं। इन स्टेशनों पर भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक फसाड, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्म पर शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और सूचना के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए हैं। सभी सुविधाओं को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है। वहीं, हर स्टेशन पर मध्य प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और परंपराओं की झलक भी देखने को मिल रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस विकास से स्थानीय यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र गतिविधियों और सांस्कृतिक समृद्धि को भी गति मिलेगी।

### अपहृत बालिका को विजयराघवगढ़ से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने अपहत बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि बालिका के अपहरण की रिपोर्ट थाना स्लीमनाबाद में दर्ज की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना स्लीमनाबाद पुलिस ने अपहृत बालिका की तलाश शुरू की। पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों की मदद से अपहृत बालिका को विजराघवगढ़ पुरैनी से दस्तयाब किया। पूछताछ में पता चला कि बालिका माता-पिता के डांटने से घर से बिना बताए चली गई थी। बालिका के मिलने पर परिजनों ने थाना स्लीमनाबाद पुलिस के कार्य की सराहना की है और उनका आभार व्यक्त किया है। इस मामले में थाना स्लीमनाबाद पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### तेंदुआ की चहलकदम से दहशत

**कटनी।** जमुआनी कला गांव में तेंदुआ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। इसकी सूचना देने पर विभागीय अधिकारी ग्रामीणों को उल्टे थाली बजाने, फटाके फोड़ने या अन्य ध्वनि या शोर करने की सलाह देते रहे बाद में मामले की गंभीरता बरतते हुए रात 12 बजे विगढ़ रेंजर विवेक जैन सदलबल पहुंचे। कटनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत जमुआनी के समीप स्थित गौशाला से संबंधित लोगों ने वन विभाग अधिकारियों को सूचना दी कि क्षेत्र में तेंदुआ का विचरण हो रहा है जिससे गौशाला में कुछ अनहोनी हो सकती है। रात में वन अमले के साथ शिव कुमार पटेल, नाकेदार अरविंद पाठक एवं आनंद तिवारी अरविंद पाठक मौजूद रहे। सूचना पर विगढ़ टीआई अरविंद चौबे मौका मुआयना करने पहुंचे।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पताः बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**दमोह।** आदर्श प्रजापति समाज दमोह के द्वारा समाज के बच्चों का सम्मान किया गया जिसमें आदित्य पिता उमेश प्रजापति 85 प्रतिशत, कुमारी निकुंज प्रजापति पिता वैद्य हरलाल प्रजापति 95 प्रतिशत हाई सेकेंडरी परीक्षा 2024-25 में सफलता प्राप्त की ईशा प्रजापति पिता घनश्याम प्रजापति का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर प्रशस्ति पत्र शील्ड मेडल से सम्मान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जिसमें की संभागीय अध्यक्ष मूलचंद प्रजापति, जिला अध्यक्ष राजेंद्र बरदिया, उमाशंकर प्रजापति, संदीप बरदिया, गणेश प्रसाद प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, दीपेश बरदिया, जितेंद्र बरदिया, श्रीमती मनीषा प्रजापति, रुक्मणी बरदिया, पूजा प्रजापति, सीमा प्रजापति, प्रभाव प्रजापति, विवेक प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति आदि की उपस्थिति रही एवं सभी ने अपने-अपने विचारों से अवगत कराया।

### 29 मई से प्रारंभ होगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**पन्ना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान आगामी 29 मई से प्रारंभ होगा। किसानों को उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी प्रदान करने तथा खरीफ फसल के पूर्व अभियान चलाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी के उद्देश्य से 15 दिवसीय अभियान 12 जून तक संचालित होगा। इसमें कृषि वैज्ञानिकों तथा स्थानीय स्तर पर प्रगतिशील कृषकों द्वारा नवीन उन्नत कृषि पद्धति व नवाचारों के बारे में अवगत कराया जाएगा।

### 6 महीने तक लड़की का शारीरिक शोषण करने के बाद लड़के ने शादी से किया इंकार



**छतरपुर।** जिले के बमनौरा थाना क्षेत्र की एक युवती ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर एक युवक पर शादी का झांसा देकर 6 माह तक शारीरिक शोषण करने और बाद में शादी से मुकरने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी भरत अहिरवार उम्र 22 वर्ष ग्राम झिरियाझोर, थाना भगवां का निवासी है, और उसका रिश्तेदार है। दोनों के बीच बतौर रिश्तेदार बातचीत होती थी, इसी दौरान एक दिन आरोपी ने उसके साथ शादी करने की इच्छा जताई। आरोपी ने पीड़िता के सहमत होने पर चिकनी-चुपड़ी बातों से उसका भरोसा जीता और शादी करने का भरोसा देकर कई बार उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे दिल्ली भी ले गया था, जहां उसने बलात्कार किया। काफी दिन गुजर जाने के बाद जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने 15 मई को शादी करने का वादा किया। पीड़िता के मुताबिक 15 मई को वह हाथों में मेंहदी लगाकर शादी के लिए तैयार बैठी रही लेकिन, भरत ने उसे धोखा दे गया। पीड़िता का कहना है कि भरत शादी से मुकर गया है और बदनामी करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने यह भी खुलासा किया है कि जब आरोपी की बहन ने उसे शादी के लिए समझाया, तो उसने बहन के साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि वह भगवां थाना और एसडीओपी कार्यालय में शिकायत कर चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### स्थानीय निर्वाचन कार्यालय भवन का भूमिपूजन आज

**पन्ना।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन परिसर कलेक्टेट में जिला स्तरीय स्थानीय निर्वाचन कार्यालय का नवीन भवन बनेगा। कलेक्टर सुरेश कुमार बुधवार, 21 मई को सुबह 10 बजे जिला स्तरीय स्थानीय निर्वाचन कार्यालय भवन के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।

---

रास्ते में खड़े बेतरतीब वाहनों से आए दिन लगता जाम, पार्किंग की समस्या बनी परेशानी का सबब

# मुख्य मार्गों पर समस्या का अंबार कार्रवाई को लेकर उदासीन अधिकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

बीस हजार आबादी वाले तेंदूखेड़ा नगर में बेतरतीब सड़कों पर खड़े दो, चार पहिया वाहन दूसरे लोगों की आवाजाही करने पर रास्ता रोक रहे हैं। इस व्यवस्था के चलते हर दिन जाम के हालात बनने से अव्यवस्था अलग फैल रही है। पुलिस-प्रशासन ने इस समस्या का निराकरण करने कई बार प्लान तैयार किया, लेकिन वह जमीन पर उतरने की बजाए कागजों में दबकर रह गया। इससे समस्या न दूर हुई और न ही आमजन की परेशानी कम हुई है। इसके लिये प्रभावी उपाय जरूरी है।

### जबलपुर - दमोह के बीचो बीच बसा है नगर

तेंदूखेड़ा नगर जबलपुर दमोह के मध्य में बसा हुआ है यहां से जबलपुर की दूरी 54 किलोमीटर,वहीं दमोह की दूरी 53 किलोमीटर है साथ ही सागर की दूरी 101 किलोमीटर एवं महाराजपुर की दूरी 60 किलोमीटर है जिसके कारण नगर से प्रतिदिन हजारों गाड़ियां बड़े वाहन निकलते हैं पर मुख्य मार्ग पर फैली अराजक यातायात व्यवस्था से जाम की स्थिति निर्मित रहती है नगर में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। आबादी के साथ यातायात का भले ही भार बढ़ा हो, लेकिन एक भी जगह पार्किंग की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इससे लोग जहां सड़क पर खाली जगह दिखी वहीं वाहनों को पार्क करते हैं। इन वाहनों को खड़ा करने के बाद घंटों तक नहीं हटाया जाता है। इस दौरान आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार चालकों को इन वाहनों की हटाना पड़ता है तब जाकर वह अपने वाहन निकाल पाते हैं।

### तारादेही तिराहे में ऑटो चालकों की मनमानी

नगर की तरादेही तिराहे पर ऑटो चालको एवं माल वाहकों का कब्जा रहता है तिराहे के कारण मुख्य मार्ग पर ही अपनी बहन खड़े कर कर सवारी की बुकिंग, माल की बुकिंग का अड्डा बना रखा है जिसके कारण यहां से गुजरने वाली बड़े बाहनों को काफी परेशानी होती है साथ ही मुख मार्ग पर खड़े होने के कारण जाम लगता है लेकिन इस व्यवस्था को सुधारने भी में किसी का कोई ध्यान नहीं जा रहा है

### निकलने तक की नहीं मिलती जगह

मंगलवार को नगर का साप्ताहिक बाजार रहता है जिसके कारण सबसे ज्यादा यातायात की बेकार स्थिति रहती है शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से तहसील तक एवं तारादेही तिराहे से विश्राम भवन तक के बीच की दोनों तरफ सड़क लंबे समय से बड़े वाहनों की जाम मै फसे रहते है। कई बार इस प्रकार की स्थिति बन जाती है कि लोगों को निकलने तक की जगह नहीं मिलती है। लोगों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही समस्या का निराकरण नहीं होना सीधे सिस्टम की लापरवाही और जिम्मेदारों की अनदेखी को दर्शाता है।

### व्यवस्था सुधारने में ये उपाय करें

अराजक यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नगर के लोगों ने प्रशासन की नुमाइदो से व्यवस्था सुधारने के लिए कुछ उपाय भी बताएं हैं लोगों का कहना है कि पार्किंग नहीं बनने तक वाहनों को खड़ा करने एक निश्चित स्थान तय करें। लोगों को समझाइश दे नहीं माने तो चालानी कार्रवाई करें नगर में निश्चित स्थान पर ही वाहन खड़ा कराए, कोई सड़क पर खड़ा करें तो कार्रवाई हो। सड़क पर हो रहे कच्चा-पक्का अतिक्रमण को हटाया जाए। पुलिस-प्रशासन नियमित मॉनीटरिंग कर व्यवस्था पर नजर रखें।

---

## समाधान ऑनलाईन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें-कलेक्टर

**जिले में अभी भी 6,167 शिकायतें लंबित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के संबंधित कार्यालय प्रमुखों से कहा है मुख्यमंत्री जी द्वारा आगामी 27 मई 2025 को सी.एम. हेल्पलाईन के विभागों/विषयों, एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान एक दिवस के विषयों की समीक्षा समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में की जायेगी। जिले में अभी भी 6,176 शिकायतें लंबित है। उन्होंने बताया गृह विभाग की विवेचना में विलंब व लापरवाही करना/ समय से प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत नहीं करने संबंधी 141 शिकायते, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की हैण्डपम्प के रखरखाव/ मरम्मत / विशेष खराबी का निराकरण न होने संबंधी 99 शिकायतें, श्रम विभाग की मध्यप्रदेश असंगठित शहरी/ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना से संबंधित 202, राजस्व विभाग की भूमि के सीमांकन संबंधी 169, उर्जा विभाग की बिल में गड़बड़ी से संबंधित समस्त प्रकार की 318, कुटीर एवं ग्रामोद्योग की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से संबंधित 90, पंचायत एवं ग्रामीण विकास की सरपंच/ सचिव / रोजगार सहायक / अन्य द्वारा योजना का लाभ दिए जाने हेतु अनुचित राशि की मांग किये जाने संबंधी 43, अनुसूचित जाति कल्याण की शिष्यवृत्ति/ छात्रवृत्ति प्राप्त न होना/ विलम्ब से प्राप्त होना/ निर्धारित दर से प्राप्त न होने संबंधी 54 तथा समस्त विभागों की 100 दिवस से अधिक समय से लंबित 5060 शिकायते सहित 6,176 शिकायते लंबित है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा संबंधित सी.एम. हेल्पलाईन में शिकायतों की समीक्षा कर, संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाये। समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में इन प्रकरणों की समीक्षा की जायेंगी। समाधान आनलाईन कार्यक्रम में चयनित विषयों की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित किया जाये।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हुई जागरूकता बैठक



**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के तहत जिला प्रशासन दमोह के निर्देश एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के मार्गदर्शन में आदर्श ग्राम खजरी में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वंदना जैन ने ग्रामवासियों को जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में कदम नहीं उठाएंगे, तो आने वाले समय में जल संकट और भी गहरा हो सकता है। श्रीमती जैन ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र की प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनरुद्धार में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर सभी उपस्थितों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नवांकुर संस्था, बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के साथ मिलकर शीघ्र ही श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच, सचिव ब्रजेश पटेल, रोजगार सहायक रूप सिंह, परामर्शदाता ब्रजेश सेन, राहुल खरे, राकेश राठौर, अनुराग गौतम,शिवम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

## पीएम श्री विद्यालय में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का भव्यता से हुआ समापन

**हटा।** नगर के पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा में शासन की मनसानुसार ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन 1 मई से 20 मई तक किया गया इस 20 दिवसीय कैंप में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसका समापन मंगलवार को एक गरिमामय कार्यक्रम सरस्वती पूजन कर किया गया। समर कैंप में बच्चों ने उत्सुकता के साथ सहभागिता निभाई तथा चित्रकला, नृत्य, गायन, शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त किए। समर कैंप के समापन अवसर पर पूर्व प्राचार्य विनयकांत दवे, प्राचार्य मुकेश चौबे, प्राचार्य आरके पाठक, प्राचार्य जीपी साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिदौलया, बीआरसी एम एल अहिरवार की उपस्थिति में छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल एवं सामूहिक नृत्य, पोस्टर निर्माण, मिट्टी के आकर्षण खिलौने, पेंटिंग, छोटी छोटी बच्चियों द्वारा देश प्रेम के गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण राज दुबे द्वारा किया गया एवं अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। शिक्षक एसएस चंदेल पीसी खटीक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



## अखिल भारतीय पाल महासभा की मासिक बैठक संपन्न

**पथरिया।** अखिल भारतीय पाल महासभा तहसील शाखा पथरिया की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष कुंजीलाल पाली के निवास पर आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निम्न बिंदुओं पर निर्णय लिए 31 मई 2025 को पाल समाज के प्रत्येक परिवार में लोक माता पूजनीय देवी अहिल्या बाई होलकर के पूजन अर्चन करते हुए समस्त ग्राम से पथरिया में 300 बी जयंती मनाई जाना सुनिश्चित है, समाज को नशा मुक्त पर जोर दिया जाए, समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित कर सम्मान करना, पाल समाज के सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से विकास हेतु एक आधुनिक सर्वसुविधायुक्त सभा सदन,खेल परिसर सांस्कृतिक भवन निर्माण कराना,लोकमाता पूजनीय देवी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा नगर व क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर स्थापित कराना आदि। उक्त बैठक में तीरन पाल छैघरा, कड़ोरी पाल लखरौनी, मुरलीधर पाल बासाकंला, गौतम पाल सेमरा, दीनदयाल पाल, मोहन पाल केवलारी, केशवराम पाली, महेंद्र पाली सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## शिकायत के बाद भी शराब दुकानों पर नहीं हो रही कार्यवाही

**दमोह।** शासन ने शराब दुकान और विक्रय के लिए निर्धारित नियम लागू किये गए हैं लेकिन दमोह जिले में शायद ही इनका पालन हो रहा है अपैल में नये शराब दुकान ठेके होने के बाद निरंतर शिकायतें हो रही है लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती ऐसा ही एक मामला एम.आर.पी. मूल्य से अधिक रेट पर शराब विक्रय के संबंध 11 अपैल को दिया गया था जिसमें हटा समूह, कम्पोजिट मंदिरा दुकान पटेरा-ए, पटेरा-बी, कम्पोजिट मंदिरा दुकान हिण्डोरिया-ए, हिण्डोरिया - बी एवं कम्पोजिट मंदिरा दुकान बिल्थरा जिला दमोह में देशी शराब / विदेशी शराब एम.आर.पी मूल्य से अधिक रेट पर विक्रय किया जा रहा है। की शिकायत की गई थी साथ ही कम्पोजिट मंदिरा दुकान बिल्थरा एवं कंपोजिट मंदिरा दुकान वनगांव जिला दमोह हाइवे से 220 मीटर की कम दूरी पर संचालित है। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार शराब दुकान 220 मीटर हाईवे से अंदर होना चाहिए। चूंकि यह शराब दुकाने 220 मीटर की कम दूरी पर संचालित है। की शिकायत की गई थी परंतु आज दिनांक तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## जिला स्तरीय संयुक्त आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दमोह।** वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिला स्तर संयुक्त ₹आपदा नियंत्रण कक्ष₹ की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट के भूतल पर स्थित कक्ष क्रमांक 3 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्र. 07812-350300 है। नियंत्रण कक्ष 24 X 7 संचालित होगा। संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत ने नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन हेतु 18 मई 2025 से आगामी आदेश पर्यन्त अधिकारी/ कर्मचारियों को 08-08 घंटे की ड्यूटी हेतु पदाविहित किया है। समस्त अधिकारी/ कर्मचारी अपनी उपस्थिति व प्रतिदिन की रिपार्ट कंट्रोल रूम प्रभारी चक्रेश पटेल, लोकसेवा प्रबंधक को नियमित रूप से सौपना सुनिश्चित करें। जारी आदेश के तहत प्रथम पारी-सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक के लिये श्रम निरीक्षक राहुल कुर्मी के साथ सहायक ग्रेड-3 राजीव रंजन, तहसील कार्यालय दमोह कम्प्यूटर ऑपरेटर विजय नामदेव, जिला शिक्षा केन्द्र दमोह भृत्य प्रहलाद अठ्या, तहसील कार्यालय दमोह आरक्षक क्रांति ठाकुर एवं सैनिक महफूज खान को पदाभिविहित किया गया है। इसी प्रकार द्वितीय पारी अपरान्ह 3 बजे से रात 11 बजे तक के लिये श्रम निरीक्षक वैभव मार्टिन के साथ सहायक ग्रेड-3 तौसीफ खान सामाजिक न्याय विभाग दमोह, कम्प्यूटर ऑपरेटर रीतेश तिवारी जन अभियान परिषद् दमोह, भृत्य द्वारका प्रसाद सेन समाजिक न्याय कार्यालय दमोह, आरक्षक दुर्गेश पाठक, सैनिक पुरूषोत्तम गोस्वामी तथा तृतीय पारी रात में 11 बजे से सुबह 7 बजे तक के लिये सहायक प्रबंधक नीलेश साहू जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के साथ सहा. ग्रेड-3 पुष्पेन्द्र यादव महिला एवं बाल विकास कार्यालय दमोह, कम्प्यूटर ऑपरेटर हिमांशु अवस्थी श्रम विभाग दमोह, भृत्य गोविंद रैकवार तहसील कार्यालय दमोह, आरक्षक राजेश पचौरी एवं सैनिक मुन्नालाल को आगामी आदेश तक के लिये पदाविहित किया गया है।

## स्वस्थ व्यक्ति की पहचान, स्वच्छता का रखें ध्यान

**दमोह।** सभी बीमारियों की जड़ है। स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता एवं स्वस्थ आदतों को नियमित रूप से अपनाना आवश्यक है। गर्मी में अक्सर जल स्त्रोतों में जल स्तर नीचे जाने से जहॉ लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है, वहीं दूषित जल के सेवन से जल-जनित बीमारियों विशेषकर आंत के संक्रमण से जुडी. बीमारियां उल्टी, दस्त, डायरिया, पीलिया सहित मच्छर जनित बीमारियों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। इन बीमारियों से बचाव के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मुकेश जैन ने एडवाईजरी जारी करते हुए सभी नागरिकों से पानी सुरक्षित जल स्त्रोत से लेने, जल स्त्रोत के आस-पास साफ-सफाई बनाये रखने, व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही अपने रहवास और ग्राम/वार्ड के चारों ओर साफ-सफाई बनाए रखने का आग्रह किया है। सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया कि जल स्त्रोतों के आस-पास विशेष रूप से साफ-सफाई बनाए रखें। हैण्डपंप व ढंके हुए कुएं के पानी का इस्तेमाल पीने के पानी के लिए करें। ध्यान रखें हैण्डपंप से पानी लेते समय दोहरे कपडे. या साफ मलमल के कपडे.को इस्तेमाल में लाएं। तालाब एवं अन्य ठहरे हुए पानी का इस्तेमाल पीने के पानी के लिए न करें। जरूरी होने पर पानी उबालकर, छानकर ही पीयें। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही अपने आस-पास चारों ओर साफ-सफाई रखें। गड्डे पोखरों में पानी का भराव न होने दें। खान-पान में संयम बरतकर आंतों के संक्रमण संबंधी बीमारियों डायरिया, पीलिया, मच्छर जनित बीमारियों, त्वचा रोग से बचा जा सकता है। खुले में रखे खाद्य पदार्थों, सडे-गले फल का कतई उपयोग न करें। त्वचा विकार से बचाव के लिए तालाब में नहाने एवं इसके जल सेवन से बचें।

### शिक्षक ने दिखाई मानवता की मिसाल, पक्षियों के लिए किया दाना-पानी का इंतजाम

**पन्ना।** पवई के शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षक सतानंद पाठक ने गर्मी के इस मौसम में जहां लोगों को अपने लिए पानी की व्यवस्था करने में मुश्किल हो रही है, वहीं शिक्षक ने मानवता की मिसाल पेश की है। सतानंद पाठक ने अपने विद्यालय में पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतजाम किया है। **विद्यालय में पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतजाम-** शिक्षक सतानंद पाठक ने अपने विद्यालय में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के लिए विशेष व्यवस्था की है। उन्होंने विद्यालय के प्रांगण में पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने के लिए बर्तन रखे हैं। इससे पक्षियों को गर्मी के इस मौसम में पानी और दाना मिल सकेगा। शिक्षक की इस पहल की सभी ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि इस तरह की पहल से न केवल पक्षियों को लाभ होगा, बल्कि इससे लोगों में भी मानवता की भावना जागृत होगी। सतानंद पाठक का कहना है कि वह आने वाले दिनों में और भी पहल करेंगे।

## शिक्षा की मर्यादा पर प्रश्न चिन्ह
## प्रभारी प्राचार्य की अभद्र भाषा

**नेतृत्वहीनता और अनुशासनहीनता ने देवेंद्रनगर के सीएम राइज कन्या विद्यालय को संकट में डाला**

**देवेंद्रनगर।**

प्रदेश शासन द्वारा सीएम राइज स्कूल योजना के अंतर्गत विकसित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर, इन दिनों गहरे शैक्षणिक और नैतिक संकट से जूझ रहा है। इस विद्यालय को विशेष श्रेणी के मॉडल स्कूल के रूप में उन्नत करने की घोषणा तो की गई, परंतु विडंबना यह है कि अब तक यहां कोई स्थायी प्राचार्य पदस्थ नहीं किया गया। विगत वर्षों से विद्यालय केवल एक प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित हो रहा है, जिनकी भाषा शैली, व्यवहार और नेतृत्व क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं। विद्यालय से जुड़े कई शिक्षकों, अभिभावकों और सामाजिकजनों ने कृ नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कृ बताया कि प्रभारी प्राचार्य छात्राओं, सहकर्मी शिक्षकों और आगंतुकों से बार-बार अशिष्ट, अपमानजनक और अनुचित भाषा में संवाद करते हैं, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक माहौल लगातार विषाक्त होता जा रहा है। कई छात्राएं भयभीत हैं, शिक्षक हताश हैं और अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, कुछ समय पूर्व जब कुछ छात्राओं ने प्रशासन के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, तो उन्हें दबाव और भय के वातावरण में चुप रहने को मजबूर किया गया। हाल ही में एक बाहरी छात्र के साथ की गई प्रभारी प्राचार्य की अमर्यादित टिप्पणी ने विद्यालय की प्रतिष्ठा को झकझोर कर रख दिया है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि जिस स्थान कृ एक कन्या विद्यालय कृ में संवेदनशीलता, मर्यादा और अनुशासन की सर्वोच्च आवश्यकता होती है, वहां ऐसा व्यक्ति प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत है जिसकी भाषा और सोच शिक्षक पद के योग्य तक नहीं मानी जा सकती। यह स्थिति न केवल विद्यालय के भविष्य के लिए, बल्कि सामाजिक मूल्यों के लिए भी खतरे की घंटी है। विद्यालय के समर्पित शिक्षक कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु नेतृत्व की अनुपस्थिति में उनका परिश्रम अपना पूरा प्रभाव नहीं छोड़ पा रहा। विशेषज्ञों का स्पष्ट मत है कि यदि यहां एक योग्य, अनुशासित और संवेदनशील स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति होती, तो यह विद्यालय निश्चित ही मध्यप्रदेश की शैक्षणिक शीर्ष सूची में स्थान बना सकता था। यह खबर किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि एक संस्थानिक चेतावनी है। सीएम राइज स्कूल जैसी योजनाएं तभी सार्थक सिद्ध होंगी, जब उनमें केवल भौतिक सुविधाएं नहीं, बल्कि संस्कारवान नेतृत्व भी सुनिश्चित किया जाए। ऐसे व्यक्ति के भरोसे कोई भी ष्मॉडल स्कूलष केवल एक दिखावटी व्यवस्था बनकर रह जाएगा। जनहित में यह अपील की जाती है कि शासन तत्काल हस्तक्षेप कर प्रभारी प्राचार्य को कन्या विद्यालय से हटाए और यदि आवश्यक हो तो उन्हें किसी बॉयज़ स्कूल में स्थानांतरित कर, कड़ी प्रशासनिक निगरानी में रखा जाए। इससे न केवल छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि शिक्षा की मूल आत्मा कृ अनुशासन, मर्यादा और संवेदनशीलता कृ की पुनर्स्थापना संभव हो सकेगी। यह समाचार उन तमाम दबे हुए स्वर और अनुभवों की प्रतिनिधि आवाज है, जिन्हें भय, लाचारी और व्यवस्था की अनदेखी ने अब तक मौन रहने पर मजबूर किया है। लेकिन अब मौन विकल्प नहीं है। 'शासन को निर्णय लेना ही होगा या तो शिक्षा संस्थानों में नेतृत्व और मर्यादा बहाल करें। या फिर समाज को उसकी चुप्पी की भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना होगा।

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों का वेतन इस माह भुगतान होना संभव नहीं

**दमोह।** वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अभिषेक हजारी ने जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों से कहा है आईएफएमआईएस में समग्र आई.डी.की प्रविष्टि एवं सत्यापन करने हेतु निर्देश जारी किये गये थे किन्तु कुछ आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा आईएफएमआईएस में समग्र आई.डी.की प्रविष्टि एवं सत्यापन होना शेष है। उन्होंने कहा है जिन आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का समग्र 90 प्रतिशत से कम हैं उन अधिकारियों का वेतन देयक इस माह भुगतान होना संभव नहीं होगा ।

### शासकीय आई.टी.आई नोहटा मे कैरियर कॉउंसलिंग की गयी

**दमोह।** 19 मई 2025 को शासकीय आई.टी.आई नोहटा जिला दमोह मे कैरियर कॉउंसलिंग की गयी जिसमे कॉउंसलर आशुतोष तिवारी ने छात्रों को उनके कैरियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कॉउंसलिंग में संस्था के प्लेसमेंट ऑफीसर देवेश जयसवाल, प्रशिक्षण अधिकारी नेमा, एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

### फूड रिटेल स्टोर्स का औचक निरीक्षण

**दमोह।** राष्ट्रव्यापी इंपोर्टेड फूड प्रोडक्ट्स / विदेशी खाद्य उत्पाद गुणवत्ता सर्वे अभियान के तहत बाजार में उपलब्ध इंपोर्टेड फूड प्रोडक्ट्स / विदेशी खाद्य उत्पाद की गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में फूड रिटेल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया । देश व्यापी इंपोर्टेड फूड प्रोडक्ट्स/ विदेशी खाद्य उत्पाद विशेष जांच अभियान के तहत दमोह शहर में किल्लाई नाका, सोफिया स्कूल के पास स्थित माही डिलाइट रिटेल फूड स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया । उक्त परिसर में संग्रहित कंपनी पैक्ड मेड इन कोरिया बुलडाक ब्रांड इंस्टेंट नूडल्स एवं मेड इन थाईलैंड रीयल थाई ब्रांड राइस पेपर के नमूने जांच हेतु लिए गए।

## कई जगह पुराने ट्रांसफॉर्मर और केबल के भरोसे विद्युत सप्लाई, बार-बार हो रही गुल

# कैसा है बिजली का मेंटेनेंस : जरा सी आंधी और बारिश आने पर गुल हो जाती है बिजली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

मानसून पूर्व बिजली कंपनी ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर रही हैं। बावजूद नगर सहित ग्रामीण आबादी को घंटों बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ता है। नगर और आसपास के क्षेत्रों में जरा सी आंधी तूफान बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था ठप्प हो जाती है। कंपनी की नगर क्षेत्र में 11 केव्ही लाइने और 33 केव्ही लाइनें लगी है। विद्युत कंपनी के हजारो उपभोक्ता है, नगर की अधिकांश उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लग चुकी है जिनके बल भी भारी भरकम आ रहा है लेकिन लाइनमेन कर्मचारियों की संख्या बढ़ने के बजाय समाप्त हो गई है । साथ ही केबिल खम्भों में लगे बॉक्स फाल्ट की वजह बन रहे है जिसके कारण 17-18 साल पुरानी लाईनों के तारों व ट्रांसफॉर्मर की देखरेख करना मुश्किल हो रहा है। कंपनी का दावा है कि बिल, नए कनेक्शन आदि सभी को ऑनलाइन कर दिया है। हकीकत ये है कि पुरानी लाईनों पर मामूली लोड आने, हवा आंधी चलने पर फाल्ट हो जाता है। आज भी कई ऐसे स्थान है, जहां सालों पुराने ट्रांसफॉर्मरों से ही विद्युत सप्लाई दी जा रही है। तेज धूप के बाद बारिश में पानी लगने व ओवरलोड होने पर इंसुलेटर, सर्किट सहित अन्य फाल्ट से जल जाते हैं। पुरानी विद्युत लाईनों को बदलने विभाग के पास बजट का अभाव है। कहीं भी लाईनों को बदलने व ट्रांसफॉर्मर बदलने की नौबत आती है, इसके लिए विभागीय औपचारिकताएं लंबी चलती है।

### मेंटेनेंस पर लाखों कर रहे खर्च, सरकारी कर्मचारियों नही भगवान भरोसे चल रहा कार्य

#### आउटसोर्स के भरोसे विभाग

विद्युत वितरण कंपनी में स्थायी लाइनमेनों की संख्या धीरे-धीरे कम है। कोई भी शासकीय लाइनमैन नहीं बचा है नगर एवं ग्रामीण आबादी में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने ला आउटसोर्स कर्मचारियों से काम कराना पड़ता है। विभाग में आज लाइनमेन के पद के कर्मचारी रिटायर्ड हो चुके हैं शासन स्तर पर स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति ना करने से विभागीय अधिकारी भी परेशान हैं। उन्हें लाईनों की मरम्मत करने के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे रहना पड़ता है। बताया जाता है की आउटसोर्स में लगे कर्मचारियों की संख्या लगभग 30 है जो लाईनों में फाल्ट आने पर पहुंचकर सुधार कार्य करते है।

#### प्रपोजल बनाकर भेजे गए-प्रभारी सहायक यंत्री

प्रभारी सहायक यंत्री मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी तेंदूखेड़ा एम एफ अंसारी का कहना है कि नगर में जहां 11केवी ट्रांसफार्मर खराब नहीं है केबिल में जरूर प्रॉब्लम आ रहे हैं केबिल के एस्टीमेट प्रपोजल बनाकर भेजे गए हैं। सेंट्रल का प्रोजेक्ट है जब वहां से पैसा आएगा तभी काम हो पाएगा मेरे द्वारा बहुत कार्य करा दिए गए हैं। आगे बहुत से काम होना है कई जगह की केबिल बदलवा दी गई है बरसात के पूर्व स्वीकार प्राथमिकता के तौर पर करा दिए जाएंगे।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हटा स्वर्गीय श्री राजेश त्रिपाठी प्राथमिक शिक्षक की निर्मम हत्या की निष्पक्ष जांच एवं शोक संतप्त परिवार को 50 लाख रुपए अनुग्रह राशि प्रदान करने को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सीएसपी अभिषेक तिवारी को ज्ञापन सौंपा। अगर प्रशासन शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं करता तो ब्राह्मण समाज जिले सहित प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेगी ब्राह्मण समाज के युवा नेतृत्वकर्ता सतीश तिवारी ने कहा कि यह सांकेतिक ज्ञापन है 10 दिवस के भीतर कार्यवाही नहीं होती तो ब्राह्मण समाज बड़ा आंदोलन करेगी। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज से वरिष्ठजन पं सुनील गौतम ,सतीश तिवारी, मोनू पाठक बम बम ,रमाकांत बाजपेई ,राम गौतम, पेशवा तुलसीराम तिवारी, एडवोकेट मनीष नगाईच ,वेद दुबे ,राहुल पाठक ,निर्देश अवस्थी, कपिल बुधौलिया, अखिलेश चौबे, रामकिशोर तिवारी, राम मिश्रा, श्रवण पाठक, गौरव चौरहा, अनुराग पांडे, राम दुबे, गुरु कमलेश दुबे, पावन दुबे, अभिषेक त्रिपाठी दीपक दुबे, कुमोद तिवारी ,मस्तराम पटेल अन्य युवाओं की उपस्थिति रही।

## जय हिन्द पदयात्रा में करे सर्वाधिक भागेदारी- हर्ष यादव



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक दमोह जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव के मुख्य अतिथ्य में आयोजित की गई जिसमे जिला प्रभारी हर्ष यादव ने कहा कि सेना के सम्मान में जय हिन्द पदयात्रा का जिला स्तरीय आयोजन समन्वय समिति ने 30 मई की तिथि नियत की गई जिसमें सभी वर्गो की भागेदारी अधिकाधिक करवाये जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि मतदाता पुर्ननिरीक्षण प्रभारियों की प्रगति रिपोर्ट आ चुकी है एवं मंडल सेक्टर बी.एल ए. के पुर्नगठन की समीक्षा एवं संविधान बचाओ यात्रा पर भी समन्वय समिति में विस्तार से चर्चा की पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि जय हिन्द पदयात्रा के जिम्मेवारी कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठो विभागो को दी जाये जिससे वह नगर के समाज सेवियो संस्थाओ को भी अपनी पदयात्रा में शामिल करवाये। प्रताप सिह, मनु मिश्रा, लक्ष्मण सींग, संजय चौरसिया, लालचंद राय, आशीष पटेल, सुषमा विक्रम ठाकुर, प्रदीप पटेल, मदन सुमन, प्रशांत पाठक समन्वय समिति में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने जिन जिन राज्यो में दूसरे दलो से गठबंधन करने सरकार बनाई है उस दल को बाद में डुबना पड़ा है अब बिहार में भी जेडीयू. डुबेगी और वह हावी होगे इस अवसर पर अमर सिंह, साधु उपाध्याय, उबेद गौरी शमीम कुरैशी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, राजेश राय, आसाराम चौधरी, पिंकी दुबे, रत्नेश सोनी से भी अपने सुझावों से अवगत कराया।

## 260 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 260 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 172 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 02 आयुष्मान कार्ड से सबंधित कार्य किया गया। साथ 30 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबन्धक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम मड़िया के मन्नू बसोर ने अपनी पत्नि की वृद्धावस्था पेंशन का आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर श्री कोचर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों से त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए। इसी प्रकार सगरोन की सविता लोधी ने लाड़ली बहना योजना का लाभ बंद हो जाने, ग्राम पंचायत अर्थखेड़ा की आवेदक कला बाई ने पति की अन्तयष्टि सहायता दिलाने, मांगज वार्ड नं. 05 दमोह के आवेदक जमना पटेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त की राशि दिलवाने आवेदन दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कोचर ने सबंधित विभागों को दिए जा रहे आवेदनों के निराकरण सबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 25 पंचायतों में हुई जन सुनवाई

25 पंचायतों में सातवे सप्ताह जनसुनवाई में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 28 का निराकृत एवं 07 आवेदन लंबित हैं। इसमें सिंग्रामपुर, आभाना, गैसाबाद सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

## कपड़ा व्यवसाई पर चाकू से हमला



**दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर स्थित टोपी लाइन में कपड़ा व्यवसाई द्वारा अपनी दुकान खोले जाने के बाद व्यवसाय पर चाकू से हमला कर दिए जाने की घटना सामने आईहै। व्यापारी को फौरन ही उपचार के लिए दमोह अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास चारमानी पिता अशोक 33 वर्ष निवासी सिविल वार्ड 10 निवासी सिंधी कैंप जब सुबह अपनी टोपी लाइन में स्थित कपडे की दुकान पर गया तो प्रशांत नाम का व्यक्ति आया और ड्राज में से पैसे निकालने लगा। इसी दौरान उपजे विवाद में उसने चारमानी को पेट में दो जगह चाकू मार दिये जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। युवक की हालत फिरहाल नाजुक है। मौके पर कोतवाली से एएसआई रघुराज सहित पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरूकर दी है।

## अज्ञात फरार एवं संदेही आरोपी पर ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 08 प्रकरण में 07 अज्ञात फरार आरोपी एवं 01 संदेही आरोपी पर 11 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 57/2024 धारा 363 भादवि के तहत संदेही आरोपी नीरज चक्रवती पिता सतई चक्रवती निवासी हरिजन मोहल्ला जबेरा थाना पर दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने थाना मड़ियादो का अपराध क्रमांक 90/2024 धारा 363 भादवि, अपराध क्रमांक 343/2020 धारा 363 भादवि के तहत अज्ञात अरोपी पर दो-दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना दमोह देहात का अपराध क्रमांक 230/2025 धारा 137 (2) बीएनएस, अपराध क्रमांक 185/2025 धारा 137 (2) बीएनएस, अपराध क्रमांक 773/2024 धारा 137 (2) बीएनएस,थाना नोहटा के अपराध क्रमांक 108/2025 धारा 137 (2) बीएनएस, थाना मड़ियादो के अपराध क्रमांक 135/2024 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अज्ञात अरोपी पर एक-एक हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी अपहर्त्ता एवं फरार संदेही आरोपी को दस्तयाब करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे अपहर्त्ता एवं फरार संदेही की दस्तयाबी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

## 17 माह बीतने के बाद भी विधानसभा क्षेत्र में नहीं खुला विधायक कार्यालय

**पथरिया।** जिले में चार विधानसभा क्षेत्र है जहां हर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अपने क्षेत्र में निवासरत है सिर्फ पथरिया ऐसा विधानसभा है जहां के ना तो विधायक क्षेत्र में निवास करते ना जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान भले मतदाताओं के सामने स्वयं जनप्रतिनिधि कुछ कहें पर विधायक व मंत्री बनने पर उसी क्षेत्र निवास नही करना चाहते जहां की जनता ने आप पर विश्वास जताया प्रचार-प्रसार में कहा कि अबकी बार क्षेत्र से प्रतिनिधित्व मिलने पर हम यही निवास बनाकर आप सब के बीच रहेंगे लेकिन सोचने वाली बात है कि चुनाव नतीजों के बाद 17 महीने बीतने के बाद भी ना विधायक व मंत्री निवास तो दूर कार्यालय तक नही खुल पाया कि क्षेत्र की जनता अपनी समस्या को लेकर वहां बता सकें कि किस तरह यहां पर शासकीय कार्यालय में हालात बने हुए हैं विधायक बनने के बाद पहली बार अनुविभागीय मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक ली उसमें अधिकारियों को समय पर आम जनता के काम करने के निर्देश दिए साथ ही हर 15 दिन में समीक्षा बैठक करने की बात कही पर एक वर्ष में 3 बार ही बैठक हो सकी मंत्री पद मिला तो समय नही मिल पा रहा। अब तो हालत यह है कि मंत्री कार्यालय दमोह से मंत्री जी का कार्यक्रम जारी होता है तो मालूम चलता है कि पथरिया में कब आ रहे। ऐसे में जिनको जानकारी मोबाइल पर मिल गई वह तो मिल लेते हैं पर आम जनता को नही। क्षेत्रीय जनता की भी अपनी अपनी समस्या है कोई शासकीय कार्यालय के चक्कर काट काट परेशान हैं तो कही कुछ पर जब सुनने वाला कोई नहीं तो कहां बताए अपनी पीड़ा।

## पुलिस ने पकड़ी आठ पेटी अवैध शराब, दो युवकों को लिया हिरासत में

### मामला दर्ज कर तस्दीक करने में जुटी पुलिस



**हटा।** हटा थाना क्षेत्र के बनगाँव के समीप पुलिस ने घेराबंदी कर एक कार से आठ पेटी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि मुड़िया कलारी से एक कार में अवैध शराब लाई जा रही है। तभी एक टीम गठित कर रवाना की इसी दौरान दमोह हटा मार्ग बनगाँव के समीप काले सफेद रंग की तेजरफ्तार क्विड कार क्रमांक एमपी 34 सीए 2750 को रोककर पूछताछ कर तलाशी ली गई। जिसमे आठ पेटी अवैध शराब पाई गई। मड़ियादो निवासी धर्मेंद्र सेन और कार चालक से पुलिस ने शराब बरामद की है। वही कार को भी जप्त कर हटा थाने लाया गया है। बताया जा रहा है शराब तस्कर अवैध शराब को मुड़िया शराब दुकान से मड़ियादो ले जा रहे थे। हटा पुलिस ने दो शराब तस्करों को अवैध शराब के साथ पकड़कर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। आबकारी एक्ट के तहत पुलिस मामला दर्ज कर आगे की तफ्तीश में जुट गई है। गौरतलब है कि गाँव गाँव मे अवैध शराब का बिक्रय किया जा रहा है। जगह जगह शराब तस्कर सक्रिय हैं इसी बीच शराब माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही होने से हड़कंप मच गया है।

## युवती ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**दमोह।** जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी फुटेरा के ग्राम घाटा में सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। 18 वर्षीय साधना नामक छात्रा ने 12वीं की परीक्षा में असफल होने के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका हाल ही में आए परीक्षा परिणाम में तीन विषयों में फेल हो गई थी और तभी से वह मानसिक तनाव में थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 9 बजे साधना ने अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय उसका छोटा भाई घर पर मौजूद था, जिसने उसे फंदे पर लटका देखा और तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी। पिता नारायण सिंह ने फौरन फांसी की रस्सी काटकर उसे नीचे उतारा। उस समय युवती की सांसें चल रही थीं, जिसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बड़े नालों में कचरा ना डालें -कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है यदि नालियों के ऊपर अतिक्रमण करेंगे और अपेक्षा करेंगे की सब चीज़े बहुत अच्छी रहे तो संभव नहीं है। इसलिए अतिक्रमण की प्रवृत्ति पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा अतिक्रमण हटाना पड़ेगा और प्रयास किया जा रहा है, कि जल्दी से जल्दी ऐसे अतिक्रमण हटें, लेकिन इतनी बड़ी संख्या है, कि बहुत ज्यादा व्यवहारिक रूप से अतिक्रमण हटाना एकदम से नगरपालिका के लिए भी संभव नहीं है। श्री कोचर ने कहा पहली समस्या अतिक्रमण की दूसरी समस्या कचरा डालने की है, जैसे भ्रमण के दौरान देखा की जिन नालियों की सफाई कर दी, नगरपालिका ने उनको साफ कर दिया था लेकिन वापस लोगों ने वहाँ पर कचरा और प्लास्टिक डाल करके उसको खराब करना शुरू कर दिया। जब हमारी प्रवृत्ति यही रहेंगी तो ऐसी स्थितियों में फिर अपेक्षा करना बेईमानी है, कि लोग आकर के उसको साफ कर दे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा लगता है इस सिलसिले में थोड़ा सा सभी लोगों को सचेत रहना जरूरी है, जागरूकता रखनी जरूरी है, इस तरह के कम से कम बड़े नालों में तो कचरा ना डालें ताकि इनमें पानी का फ्लो (बहाव) ठीक बना रहे। यदि इनमें पानी का फ्लो ठीक बना रहेगा तो हमारे यहाँ जो वाटरलॉगिंग की प्रॉब्लम कम से कम नहीं आएगी।

### सबसे पहला टारगेट सातों नाले बिलकुल क्लीन हो जायें, इसकी सतत मॉनीटरिंग की जायेगी-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के आम नागरिकों से कहा कर्मचारियों की हड़ताल 2-3 बार हो गई, हड़तालें लंबी चली है। नगर के 7 नाले आज सुबह जाकर देखे हैं । कलेक्टर श्री कोचर ने सी.एम.ओ नगरपालिका को निर्देश देते हुये कहा सबसे पहला टारगेट होना चाहिए की जो 7 नाले है, बिलकुल क्लीन हो जायें उसकी कार्य योजना लोगों ने बना ली है, वह जल्दी लागू कर रहे है, और इसकी सतत मॉनीटरिंग करेंगे की अगले 10-15 दिन के अंदर यह 7 नाले हमारे क्लीन हो जाए। सुभाष कॉलोनी वाला एरिया काफी हद तक क्लीन हो चुका है। वहाँ जितने हर्डल्स थे जो बोरी बंधान थे, वह हट गए, जो स्टॉप डैम थे उनको हटा दिया गया और अब वहाँ से पानी बिल्कुल सलीके से निकल जाएगा। कलेक्टर ने सी.ई.ओ जिला पंचायत को भी स्थल पर भेजा, वहाँ पर जो ग्रामीण क्षेत्र का हिस्सा है, उसका जलगंगा अभियान के अंतर्गत गहरीकरण का काम शुरू किया जा रहा हैं, इस लिहाज से काम पहली प्राथमिकता है। इसके बाद नंबर दो पर बाकी जो नालियां है उनको साफ करना और उनका गहरीकरण की बात आती है, उसके लिए भी नगरपालिका काम करेगी आगे का प्लान है। उन्होंने कहा दूसरी चीज़ यह है 30-40 जगह ऐसी चिहित की है, जहाँ पर पिछले साल बारिश में बीमारियां फैली थी उन जगहों के लिए भी प्रॉपर प्लानिंग की गई है, पी.एच.ई, जल निगम, स्वास्थ्य, पंचायत और राजस्व पांचों एजेंसी मिल करके काम कर रही है और हमारा लक्ष्य है कि इन जगहों पर इस साल कोई बीमारी ना फैले और बीमारी मुक्त रहें। उन्होंने कहा सारे गांव जहाँ पर पिछले बार या उसके पहले कभी हैजा या डायरिया जैसी स्थितियां निर्मित हुई थी, निश्चित रूप से परिस्थितियां थोड़ी चुनौतीपूर्ण है, लेकिन प्रशासन काम कर रहा हैं कि कहीं भी लोगों को दिक्कत न आए। निर्देश दिए हैं कि अब थोड़े दिनों के अंदर इमरजेंसी उड़न दस्ते गठित किये जा रहे हैं। खासतौर पर नगरपालिका में यदि कहीं से भी ऐसी सूचना मिलती है तो तुरंत स्थल पर जा करके वहाँ काम करेंगे, तो उड़न दस्ते गठित करने का काम भी किया जा रहा हैं।

## नगर परिषद ने जेसीबी मशीन का नहीं किया भुगतान

### दो साल से नगर परिषद के चक्कर काट रहा मशीन मालिक

**तेंदूखेड़ा।** नगर परिषद की लापरवाही ने जेसीबी मशीन मालिक को आर्थिक संकट में धकेल दिया है नगर परिषद के कार्यों में अहम भूमिका निभाने वाली जेसीबी मशीनों के मालिक दीपक विश्वकर्मा का कहना है कि वे दो साल से बार-बार नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन भुगतान के नाम पर केवल खोखले वादे मिल रहे हैं। दरअसल करीब दो साल पहले नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सींग और जलप्रभारी रामकुमार यादव ने जेसीबी मशीन किराए से लेकर नगर की चोक नालियों को मशीन से साफ़ कराया था इसके बाद मशीन से कचरा प्लांट में भी काम कराया गया जिसका कुछ भुगतान नगर परिषद ने किया और शेष राशि कुछ दिन बाद भुगतान करने को कहा गया। मगर अब पूरे दो साल बीतने को हो गए मगर अब तक शेष राशि का भुगतान नहीं किया गया। मशीन की किस्त रखरखाव डीजल और भी अन्य खर्चे मशीन में लगे रहते हैं। भुगतान ना होने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जब इस संबंध में नगर परिषद उपयंत्री भूपेंद्र सींग से बात की तो उन्होंने बताया कि मैंने फ़ाइल वगैरह तो सब बना रखी है। उन्होंने बताया कि एक बार तो फ़ाइल ही गुम गई थी फिर दूसरे बार फिर फ़ाइल बनाई है मगर सीएमओ पेमेंट ही नहीं कर रहे हैं कह रहे हैं बजट ही नहीं है। उपयंत्री ने बताया मैंने तो अपनी तरफ़ से पूरा काम कर दिया है पेमेंट करना मेरे अधिकार में नहीं रहता है ,कागज़ी करवाई जो थी वो मैंने अपने तरफ़ से पूरी कर दी है। जब इस संबंध को लेकर नगर परिषद सीएमओ प्रेम सिंह चौहान से बात हुई तो उन्होंने कहा मुझे इसकी जानकारी नहीं कि कहाँ किसने मशीन चलवा ली और चलवाई है मैं जानकारी लेकर फिर बताता हूँ ।हालांकि, मशीन मालिक दीपक विश्वकर्मा का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है अर्थात नगर परिषद द्वारा भुगतान नहीं किया है अब अगर नगर परिषद भुगतान नहीं करता है तो न्यायालय की शरण लेकर उचित कार्रवाई की मांग करूँगा।